IPCE (New Syllabus)
Paper - 2
Corporate & Other Laws

JUL 2021

# JKB2 (H)

Roll No. ..............................

Total No. of Printed Pages – 20

Total No. of Questions – 5

Maximum Marks – 70

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to Questions in Part I are to be marked on the OMR answer sheet only. Answers to questions in Part II are to be written on the descriptive type answer book. Answers to MCQs, if written in the descriptive type answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive type answer book. No bar code sticker is to be affixed on the OMR answer sheet.
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, (b) OMR answer sheet thereon and (c) the answer book in respect of descriptive type answer book to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

## PART – II

**70 marks**

1. Question paper comprises 5 questions. Answer Question No. 1 which is compulsory and any 3 out of the remaining 4 questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.



© The Institute of Chartered Accountants of India

**PART – II**

1. (a) The information extracted from the audited Financial Statement of Smart Solutions Private Limited as at 31st March, 2020 is as below : **6**

(1) Paid-up equity share capital ₹ 50,00,000 divided into 5,00,000 equity shares (carrying voting rights) of ₹ 10 each. There is no change in the paid-up share capital thereafter.

(2) The turnover is ₹ 2,00,00,000.

It is further understood that Nice Software Limited, which is a public limited company, is holding 2,00,000 equity shares, fully paid-up, of Smart Solutions Private Limited. Smart Solutions Private Limited has filed its Financial Statement for the said year with the Registrar of Companies (ROC) excluding the Cash Flow Statement within the prescribed time line during the financial year 2020-21. The ROC has issued a notice to Smart Solutions Private Limited as it has failed to file the cash flow statement along with the Balance Sheet and Profit and Loss Account. You are to advise on the following points explaining the provisions of the Companies Act, 2013 :

(i) Whether Smart Solutions Private Limited shall be deemed to be a small company whose significant equity shares are held by a public company ?

(ii) Whether Smart Solutions Private Limited has defaulted in filing its financial statement ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) (i) The balances extracted from the financial statement of ABC Limited are as below : 3

| Sr. No. | Particulars | Balances as on 31-03-2020 as per Audited Financial Statement (₹ in crore) | Balances as on 30-09-2020 (Provisional ₹ in crore) |
|---|---|---|---|
| 1. | Net Worth | 100.00 | 100.00 |
| 2. | Turnover | 500.00 | 1000.00 |
| 3. | Net Profit | 1.00 | 5.00 |

Explaining the provisions of the Companies Act, 2013, you are requested to examine whether ABC Limited is required to constitute 'Corporate Social Responsibility Committee' (CSR Committee) during the second half of the financial year 2020-21.

(ii) ASR Limited declared dividend at its Annual General Meeting held on 31-12-2020. The dividend warrant to Mr. A, a shareholder was posted on 22nd January, 2021. Due to postal delay Mr. A received the warrant on 5th February, 2021 and encashed it subsequently. Can Mr. A initiate action against the company for failure to distribute the dividend within 30 days of declaration under the provisions of the Companies Act, 2013 ? 3

(c) Paul (minor) purchased a smart phone on credit from a mobile dealer on the surety given by Mr. Jack, (a major). Paul did not pay for the mobile. The mobile dealer demanded the payment from Mr. Jack because the contract entered with Paul (minor) is void. Mr. Jack argued that he is not liable to pay the amount since Paul (Principal Debtor) is not liable. Whether the argument is correct under the Indian Contracts Act, 1872 ? 4

What will be your answer if Jack and Paul both are minor ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(d) A signs his name on a blank cheque with 'not negotiable crossing' which he gives to B with an authority to fill up a sum of ₹ 3,000 only. But B fills it for ₹ 5,000. B then endorsed it to C for a consideration of ₹ 5,000 who takes it in good faith. Examine whether C is entitled to recover the full amount of the instrument from B or A as per the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881. **3**

2. (a) Examine the validity of the following statements in respect of Annual General Meeting (AGM) as per the provisions of the Companies Act, 2013 : **4**

(i) The first AGM of a company shall be held within a period of six months from the date of closing of the first financial year.

(ii) The Registrar may, for any special reason, extend the time within which the first AGM shall be held.

(iii) Subsequent (second onwards) AGMs should be held within 6 months from closing of the financial year.

(iv) There shall be a maximum interval of 15 months between two AGMs.

(b) (i) KSR Limited, an unlisted company furnishes the following data : **3**

(a) Paid-up share capital as on 31-3-2021 ₹ 45 Crore.

(b) Turnover for the year ended 31-3-2021 ₹ 175 Crore

(c) Outstanding loan from bank as on 3-3-2021 ₹ 105 crore (₹ 110 Crore loan obtained from bank) and the outstanding balance as on 31-3-2021 ₹ 90 crore after repayment.

Whether as per provision of the Companies Act, 2013 the company is required to appoint Internal Auditor during the year 2021-2022 ?

(ii) State the provisions of the Companies Act, 2013 relating to appointment of First Auditor of a Government Company. **3**



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) Mr. Stefen owns a chicken firm near Gurgaon, where he breeds them and sells eggs and live chicken to retail shops in Gurgaon. Mr. Flemming also owns a similar firm near Gurgaon, doing the same business. Mr. Flemming had to go back to his native place in Australia for one year. He needed money for travel so he had pledged his firm to Mr. Stefen for one year and received a deposit of ₹ 25 lakhs and went away. At that point of time, stock of live birds were 100,000 and eggs 10,000. The condition was that when Flemming returns, he will repay the deposit and take possession of his firm with live birds and eggs. 4

After one year Flemming came back and returned the deposit. At that time there were 109,000 live birds (increase is due to hatching of eggs out of 10,000 eggs he had left), and 15,000 eggs.

Mr. Stefen agreed to return 100,000 live birds and 10,000 eggs only.

State the duties Mr. Stefen as Pawnee and advise Mr. Flemming about his rights in the given case.

(d) Mr. Harsha donated ₹ 50,000 to an NGO by cheque for sponsoring the education of one child for one year. Later on he found that the NGO was a fraud and did not engage in philanthropic activities. 3

He gave a "stop payment" instruction to his bankers and the cheque was not honoured by the bank as per his instruction.

The NGO has sent a demand notice and threatened to file a case against Harsha. Advise Mr. Harsha about the course of action available under the Negotiable Instruments Act, 1881.



© The Institute of Chartered Accountants of India

3\. (a) State Cricket Club was formed as a Limited Liability Company under Section 8 of the Companies Act, 2013 with the object of promoting cricket by arranging introductory cricket courses at district level and friendly matches. The club has been earning surplus. Of late, the affairs of the company are conducted fraudulently and dividend was paid to its members. Mr. Cool, a member decided to make a complaint with Regulatory Authority to curb the fraudulent activities by cancelling the licence given to the Company. **5**

(i) Is there any provision under the Companies Act, 2013 to revoke the licence ? If so, state the provisions.

(ii) Whether the Company may be wound up ?

(iii) Whether the State Cricket Club can be merged with M/s. Cool Net Private Limited, a company engaged in the business of networking ?

(b) AB & Associates, a firm of Chartered Accountants was re-appointed as auditors at the Annual General Meeting of X Ltd. held on 30-09-2019. However, the Board of Directors recommended to remove them before expiry of their term by passing a resolution in the Board Meeting held on 31-03-2020. Subsequently, having given consideration to the Board recommendation, AB & Associates were removed at the general meeting held on 25-05-2020 by passing a special resolution subject to approval of the Central Government. Explaining the provisions for removal of second and subsequent auditors, examine the validity of removal of AB & Associates by X Ltd. under the provisions of the Companies Act, 2013. **5**



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) Examine the following cases with respect to their validity. State your answer with reasons. 4

(i) A bill of exchange is drawn, mentioning expressly as 'payable on demand'. The bill will be at maturity for payment on 04-01-2021, if presented on 01-01-2021.

(ii) A holder gives notice of dishonor of a bill to all the parties except the acceptor. The drawer claims that he is discharged from his liability as the holder fails to give notice of dishonour of the bill to all the parties thereto.

(d) Explain the impact of the two words "means" and "includes" in a definition, while interpreting such definition. 3

4. (a) (i) "The offer of buy-back of its own shares by a company shall not be made within a period of six months from the date of the closure of the preceding offer of buy-back, if any and cooling period to make further issue of same kind of shares including allotment of further shares shall be a period of one year from the completion of buy back subject to certain exceptions." Examine the validity of this statement by explaining the provisions of the Companies Act, 2013 in this regard. 3

(ii) ABC Limited proposes to issue series of debentures frequently within a period of one year to raise the funds without undergoing the complicated exercise of issuing the prospectus every time of issuing a new series of debentures. Examine the feasibility of the proposal of ABC Limited having taken into account the concept of deemed prospectus dealt with under the provisions of the Companies Act, 2013. 3



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) The Promoters of Jayshree Spinning Mills Limited contributed in the shape of unsecured loan to the company in fulfilment of the margin money requirements stipulated by State Industries Development Corporation Ltd. (SIDCL) for granting loan. In the light of the provisions of the Companies Act, 2013 and Rules made thereunder whether the unsecured loan will be regarded as Deposit or not; What will be your answer in case the entire loan obtained from SIDCL is repaid ? 4

(c) Examine the validity of the following statements with reference to the General Clauses Act, 1897 : 4

(i) Insurance Policies covering immovable property have been held to be immovable property.

(ii) The word "bullocks" could be interpreted to include "cows".

(d) Whether Foreign decisions can be used for construing Indian Statute ? Explain. 3

5. (a) Examine the validity of the following different decisions/proposals regarding change of office by A Ltd. under the provisions of the Companies Act, 2013 : 5

(i) The Registered office is shifted from Thane (Local Limit of Thane District) to Dadar (Local limit of Mumbai District), both places falling within the jurisdiction of the Registrar of Mumbai, by passing a special resolution but without obtaining the approval of the Regional Director.

(ii) The Registered office is situated in Mumbai, Maharashtra (within the jurisdiction of the Registrar, Mumbai, Maharashtra State) whereas the Corporate Office is situated in Pune, Maharashtra State (within the jurisdiction of the Registrar, Pune). A Ltd. proposes to shift its corporate office from Pune to Mumbai under the authority of a Board resolution.



© The Institute of Chartered Accountants of India

(iii) The registered office situated in certain place of a city is proposed to be shifted to another place within the local limits of the same city under the authority of Board Resolution.

(b) Johnson Limited goes for Public issue of its shares. The issue was over subscribed. A default was committed with respect to allotment of shares by the officers of the company. There were no Managing Director, Whole time Director or any other officer/person designated by the Board with the responsibility of Complying with the provisions of the Act. **5**

State, who are the persons considered as officers in default under the Companies Act, 2013.

Examine who will be considered in default in the instant case ?

**OR**

Mr. Laurel a shareholder in Hardly Limited, a listed company, desires to inspect the minutes book of General Meetings and to have copy of some resolutions. In the light of the provisions of the Companies Act, 2013 answer the following :

(i) Whether he can inspect the minutes book and to have copies of the minutes at free of cost ?

(ii) Whether he can authorize his friend to inspect the minutes book on behalf of him by signing a power authority ?

(c) A rented his house to B on lease for 3 years. The lease agreement is terminable on 3 month notice by either party. C, the son of A, being in need of a separate house to live, served a notice on B, without any authority, to vacate the house within a month and requested his father A to ratify his action. Examine whether it shall be valid for A to ratify the action of C taking into account the provisions of the Indian Contract Act, 1872 ? **4**



© The Institute of Chartered Accountants of India

(d) Ajit was supposed to submit an appeal to High Court of Kolkata on 30th March, 2020, which was the last day on which such appeal could be submitted. Unfortunately, on that day High Court was closed due to total Lockdown all over India due to Covid-19 pandemic. Examine the remedy available to Ajit under the provisions of the General Clauses Act, 1897. 3



© The Institute of Chartered Accountants of India

## PART – II

1. (a) 31 मार्च, 2020 तक स्मार्ट सोल्यूशन प्राईवेट लि. के ऑडिटेड फाइनेन्शियल विवरण से निकाली गई जानकारी नीचे दी गई है : 6

(1) ₹ 50,00,000 की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी को 5,00,000 इक्विटी शेयरों में बाँटा गया है (जिसमें मताधिकार है) ₹ 10 प्रत्येक । इसके बाद पेड-अप शेयर केपीटल में कोई बदलाव नहीं किया गया है ।

(2) बिक्री का टर्नओवर ₹ 2,00,00,000 है ।

यह समझा जाता है कि नाइस सॉफ्टवेयर लि., जो कि पब्लिक लिमिटेड कंपनी है, स्मार्ट सोल्यूशन प्रा. लि. के 2,00,000 इक्विटी शेयरों पूर्णतः प्रदत्त को धारण कर रही है । स्मार्ट सोल्यूशन प्रा. लि. ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान निर्धारित समय रेखा के भीतर केश फ्लो स्टेटमेन्ट को छोड़कर रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज़ के पास उक्त वर्ष के लिए अपना वित्तीय विवरण दायर किया है । ROC ने स्मार्ट सोल्यूशन प्रा. लि. को नोटिस जारी किया है क्योंकि वह बैलेन्स शीट और लाभ और हानि अकाउन्ट के साथ केश फ्लॉ स्टेटमेन्ट फाइल करने में नाकाम रही है । आपको कम्पनी अधि. 2013 के प्रावधानों को समझाते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं पर सलाह देनी है :

(i) क्या स्मार्ट सोल्यूशन प्रा.लि. को एक छोटी कंपनी माना जायेगा जिसका महत्त्वपूर्ण इक्विटी शेयर एक सार्वजनिक कम्पनी के पास है ?

(ii) क्या स्मार्ट सोल्यूशन प्रा. लि. ने अपने वित्तीय विवरण दाखिल करने में चूक की है ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) (i) ABC लि. के वित्तीय विवरण से निकाले गए शेष नीचे हैं : 3

| क्र.सं. | ब्यौरे | ऑडिट किये गये वित्तीय विवरण के अनुसार 31-03-2020 पर शेष राशि (₹) | शेष राशि 30-09-2020 (अंतिम अंतरिक ₹ करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1. | निवल मूल्य | 100.00 | 100.00 |
| 2. | टर्नओवर | 500.00 | 1000.00 |
| 3. | शुद्ध लाभ | 1.00 | 5.00 |

कंपनी अधि. 2013, के प्रावधानों के बारे में बताते हुए आपसे अनुरोध है कि आप इस बात की जाँच करे कि क्या ABC Ltd. को वित्तीय वर्ष 2020-21 की दूसरी–छमाही के दौरान कोर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति का गठन करने की आवश्यकता है या नही ?

(ii) ASR Ltd. ने 31-12-2020 को आयोजित अपनी AGM में लाभांश की घोषणा की । श्री A एक शेयरधारक, को लाभांश वारन्ट 22 जनवरी, 2021 को भेजा गया था । डाकीय देरी के कारण श्री A को 5 फरवरी, 2021 को वारन्ट प्राप्त हुआ था और बाद में इस भुनाया । क्या श्री A कंपनी अधि. 2013 के प्रावधानों के तहत घोषणा के 30 दिनों के भीतर लाभांश वितरित करने में विफलता के लिए कंपनी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर सकते है ? 3

(c) पॉल (अवयस्क) ने श्री जेक (एक वयस्क) द्वारा दिये गये जमानत पर एक मोबाइल डीलर से क्रेडिट पर एक स्मार्ट फोन खरीदा है । पॉल ने मोबाइल के लिए भुगतान नहीं किया । मोबाइल डीलर ने श्री जैक से भुगतान की माँग की क्योंकि पॉल (अवयस्क) के साथ किया गया अनुबन्ध शून्य है । श्री जैक ने दलील दी कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि पॉल (मुख्य देनदार) उत्तरदायी नहीं है । क्या भारतीय अनुबन्ध अधि.1872 के तहत यह तर्क सही है ? 4

यदि श्री जैक और पॉल दोनों नाबालिग हैं तो आपका उत्तर क्या होगा ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(d) A एक खाली चैक पर जिसमें 'परक्राम्य क्रोसिंग नहीं' होती है साइन करता है, जिसे वह B को केवल ₹ 3,000 की राशि भरने के अधिकार के साथ देता है। लेकिन B इसे ₹ 5,000 के लिए भरता है। इसके बाद B इसे ₹ 5,000 के प्रतिफल के लिए C को पृष्ठांकित करता है जो सद्भाव में इसे ले लेता है। जाँच करे कि क्या C परक्राम्य लिखत अधि. 1881 के प्रावधानों के अनुसार B या A से इन्स्ट्रूमेन्ट, (लिखत) की पूरी राशि को वसूली करने का हकदार है या नहीं ? 3

2. (a) कंपनी अधि., 2013 के प्रावधानों के अनुसार AGM के संबंध में निम्नलिखित कथनों की वैधता की जाँच करें : 4

(i) किसी कंपनी का पहला AGM पहले वित्तीय वर्ष के समापन की तारीख से 6 महीने के भीतर आयोजित किया जायेगा।

(ii) रजिस्ट्रार किसी विशेष कारण से उस समय का विस्तार कर सकता है जिसके भीतर पहला AGM आयोजित किया जायेगा।

(iii) बाद में (दूसरा और आगे) AGM को वित्तीय वर्ष के समापन से 6 महीने के भीतर आयोजित किया जाना चाहिए।

(iv) दो AGM के बीच अधिकतम 15 महीने का अंतराल होगा।

(b) (i) KSR लि., एक असीमित कंपनी निम्नलिखित डेटा प्रस्तुत करती है : 3

(a) 31 मार्च, 2020 तक प्रदत्त शेयर पूँजी ₹ 45 करोड़

(b) साल के लिए कारोबार 31-3-2021 को ₹ 175 करोड़ पर समाप्त हुआ।

(c) बैंक से बकाया ऋण 3-3-2021 तक ₹ 105, बैंक से प्राप्त ₹ 110 करोड़ का ऋण और 31-3-2021 को ₹ 90 करोड़ पुनर्भुगतान के बाद शेष।

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार क्या कम्पनी को वर्ष 2021-2022 के दौरान आन्तरिक लेखा–परीक्षक नियुक्त करना आवश्यक है ?

(ii) किसी सरकारी कंपनी के प्रथम अंकेक्षक की नियुक्ति से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को बताइए। 3



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) मि. स्टीफन ने एक मुर्गी फर्म, गुरुग्राम के नजदीक खरीदा, जहाँ वह मुर्गी पालता व अण्डों एवं मुर्गियों को गुरुग्राम की खुदरा दुकान में बेचता है । मि. फ्लेमिंग ने भी समान फर्म, गुरुग्राम के नजदीक खरीदी, जो उसी व्यवसाय को कर रहा है । मि. फ्लेमिंग को अपने मूल स्थान, जो आस्ट्रेलिया में है एक वर्ष के लिये जाना है । मि. फ्लेमिंग को राशि(रकम) की आवश्यकता है जाने के लिये इसलिये उसने मि. स्टीफन को एक वर्ष के लिये, ₹ 25 लाख की राशि के लिये अपनी दुकान गिरवी रख दी तथा चला गया । उस समय मुर्गियों की संख्या 1,00,000 तथा 10,000 अण्डे थे । शर्त यह थी कि जब मि. फ्लेमिंग वापस आएगा तो रकम वापसी कर अपनी फर्म की मुर्गियाँ तथा अण्डे पुनः प्राप्त कर लेगा । **4**

एक वर्ष पश्चात् मि. फ्लेमिंग वापस आया तथा राशि (रकम) अदा कर दी । इस समय 1,09,000 मुर्गियाँ तथा 15,000 अण्डे थे (अण्डों से मुर्गियाँ पैदा होने के कारण बढ़ोतरी) ।

मि. स्टीफन 1,00,000 मुर्गियाँ तथा 10,000 अण्डों को वापस लौटाने के लिये सहमत हुआ ।

मि. स्टीफन की गिरवीग्राही के रूप में दायित्व को बताइये तथा मि. फ्लेमिंग को उसके अधिकारों के सम्बन्ध में सुझाव दे ।

(d) मि. हर्ष ने एक बच्चे को एक वर्ष की शिक्षा के लिये, एक एन.जी.ओ. को ₹ 50,000 का दान चेक के द्वारा दिया । बाद में पता चला कि एन.जी.ओ. जाली था तथा वह परोपकारी गतिविधियाँ नहीं करता है । उसने बैंक को चेक का भुगतान करने के लिये मना कर दिया तथा बैंक ने उसके कहने पर भुगतान नहीं किया । **3**

एन.जी.ओ. ने एक नोटिस मि. हर्ष को भेजा तथा उस पर वाद करने हेतु डराया । विनिमय साध्य विलेख अधिनियम, 1881 के अनुसार मि. हर्ष को उपलब्ध कार्यवाही के बारे में सलाह दीजिये ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

3. (a) स्टेट क्रिकेट क्लब ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अन्तर्गत क्रिकेट को प्रोत्साहन देने के उद्देशय से एक सीमित दायित्व की कम्पनी का निर्माण किया, जो कि जिला स्तर पर क्रिकेट के जागरूकता तथा दोस्ताना मैच आयोजित करती है। क्लब को अतिरिक्त आमदनी हो रही थी। कम्पनी के क्रियाकलाप कपटपूर्ण थे तथा सदस्यों को लाभांश का वितरण किया गया। मि. कूल, एक सदस्य निश्चय किया कि वह नियन्त्रण अधिकारी से शिकायत करेगा ताकि कम्पनी का लाइसेंस निरस्त किया जाये ताकि कपटपूर्ण गतिविधियों को रोका जा सके। 5

(i) क्या कम्पनी अधिनियम, 2013 में लाइसेंस निरस्त करने के कोई प्रावधान है ? यदि हाँ, तो प्रावधानों को बताइये।

(ii) क्या कम्पनी का विघटन हो जाएगा ?

(iii) क्या स्टेट क्रिकेट क्लब को M/s कूल नेट प्राईवेट लिमिटेड, नेटवर्किंग के व्यवसाय में लगी एक कम्पनी में विलय किया जा सकता है ?

(b) दिनांक 30-09-2019 को हुई X लिमिटेड के वार्षिक साधारण सभा में AB & एसोसिएटस चार्टर्ड एकाउन्टेंटस की फर्म को अंकेक्षकों के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया। परन्तु दिनांक 31-03-2020 को संचालक मण्डल ने अपनी सभा में प्रस्ताव पास कर उन्हें लिए उन्हें नियत अवधि से पूर्ण हटाने की सिफारिश की। तत्पश्चात् संचालक मण्डल की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए AB & एसोसिएटस को 25-05-2020 को हुई साधारण सभा में केन्द्र सरकार के अनुमोदन के अधीन विशेष प्रस्ताव पास कर हटा दिया गया। द्वितीयक एवं पश्चातवर्ती अंकेक्षको को हटाने संबंधी क. अ., 2013 के प्रावधानों को समझाते हुए AB & एसोसिएट को X Ltd. द्वारा हटाने की वैधता का परीक्षण कीजिए। 5



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) निम्न प्रकरण को उनकी वैधता के अनुसार बताइए । अपने उत्तर कारणों सहित समझाइए : 4

(i) एक विनिमय पत्र बनाया गया जिसमें स्पष्ट लिखा था "भुगतान माँग पर" (Payable on demand) । बिल भुगतान के लिए 04-01-2021 को तैयार हो जाएगा, यदि यह 01-01-2021 को उपस्थित किया जाय ।

(ii) एक धारक बिल के अनादृत हेतु स्वीकार कर्ता को छोड़कर सभी पार्टियों को नोटिस देता है । आदेशक (drawer) यह दृढ़तापूर्वक कहता है कि वह अपने जिम्मेदारियों से मुक्त हो गया क्योंकि धारक सभी पार्टियों को बिल के अनादरण के बारे में नोटिस देने में विफल रहा है ।

(d) 'मतलब' (means) तथा 'जोड़ना' (includes) शब्द के परिभाषा में, उस परिभाषा को परिभाषित (interpreting) करते समय इन दो शब्दों के प्रभावों का वर्णन कीजिए । 3

4. (a) (i) "किसी कम्पनी द्वारा अपने स्वयं के शेयरों को बाय-बैक की पेशकश, यदि कोई हो तो, बाय-बैक की कार्यवाही के प्रस्ताव को बंद करने की तारीख से 6 माह के भीतर नहीं की जाएगी । और कुछ अपवादों के अधीन अन्य शेयरों के आबंटन सहित उसी तरह के अन्य शेयरों को जारी करने के लिए उपशमन अवधि बाय-बैक के पूरा होने से एक वर्ष की अवधि होगी ।" इस सम्बन्ध में कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए इस कथन की वैधता का परीक्षण कीजिए । 3

(ii) "नये शृंखलाबद्ध ऋणपत्र (series of debenture) जारी करने हेतु हर बार विवरणिका (prospectus) जारी करने के जटिल अभ्यास के बिना धन जुटाने के लिए ABC लिमिटेड एक साल की अवधि के अंदर बार-बार शृंखलाबद्ध ऋणपत्र निर्गमन करने का प्रस्ताव रखती है ।" कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत डीम्ड विवरणिका (Deemed prospectus) की धारणा को ध्यान में रखते हुए ABC लिमिटेड के प्रस्ताव के पास होने की सम्भावनाओं का उल्लेख कीजिए । 3



**© The Institute of Chartered Accountants of India**

(b) जयश्री स्पीनिंग मिल्स लिमिटेड का मालिक कर्ज के लिए स्टेट इन्डस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SIDCL) द्वारा निर्धारित मारजीन मनी (margin money) को पूरा करने हेतु असुरक्षित कर्ज (unsecured loan) के रूप में कम्पनी में योगदान किया । कम्पनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अधीन बनाए गये नियमों के प्रावधानों के प्रकाश में क्या असुरक्षित कर्ज (unsecured loan) जमा (deposit) माना जाएगा या नहीं ? आपका उत्तर क्या होगा जब SIDCL द्वारा प्राप्त सम्पूर्ण कर्ज जमा कर दिया जाय ? 4

(c) सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों की वैधता की विवेचना कीजिए : 4

(i) अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित करने वाली बीमा पॉलिसी को अचल सम्पत्ति माना जाएगा ।

(ii) बैल (bullocks) शब्द की व्याख्या गायों (cows) को शामिल करने के लिए की जा सकती है ।

(d) भारतीय संविधि बनाते (construing) समय क्या विदेशी निर्णयों का प्रयोग किया जा सकता है ? समझाइए । 3

5. (a) कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत A लिमिटेड द्वारा कार्यालय बदलाव के सम्बंध में निम्न निर्णयों / प्रस्तावों की वैधता की विवेचना कीजिए : 5

(i) पंजीकृत कार्यालय थाने (थाने जिला के स्थानिक सीमा) सें दादर (मुम्बई जिला के स्थानिक सीमा) जो दोनों मुम्बई के रजिस्ट्रार के क्षेत्राधिकार में आते हैं, विशेष प्रस्ताव द्वारा परन्तु प्रादेशिक निर्देशक की अनुमति बिना बदला जाता है ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

(ii) पंजीकृत कार्यालय मुम्बई, महाराष्ट्र (रजिस्ट्रार, मुम्बई, महाराष्ट्र राज्य के क्षेत्राधिकार) में स्थित है, जबकि कॉर्पोरेट कार्यालय पूने, महाराष्ट्र (रजिस्ट्रार पूने के क्षेत्राधिकार) में स्थित है । A लिमिटेड, बोर्ड प्रस्ताव के अधिकार से अपना कॉर्पोरेट कार्यालय पूने से मुम्बई ले जाना चाहता है ।

(iii) पंजीकृत कार्यालय जो शहर के एक स्थान में स्थापित है तथा उसी शहर के दूसरे स्थान जो स्थानिक सीमा के अंतर्गत आता है, बोर्ड प्रस्ताव के अधिकार द्वारा ले जाया जाना प्रस्तावित है ।

(b) जॉनसन लिमिटेड अपने शेयर को सार्वजनिक निर्गमन को जाते हैं । निर्गमन ज्यादा स्वीकार कर लिया जाता है । शेयर के आबंटन के सम्बन्ध में गलती कम्पनी के अधिकारी द्वारा हुई । अधिनियम के प्रावधानों को पूरा करने हेतु कोई भी महानिर्देशक (मैनेजिंग डाइरेक्टर); पूर्णकालिक निर्देशक (होल टाइम डाइरेक्टर) या अन्य अधिकारीगण को वोर्ड द्वारा जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी । 5

बताइए कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कौन सा व्यक्ति ऑफिसर-इन-डिफॉल्ट है ।

उल्लेख कीजिए कि इस घटनाक्रम में कौन दोषी माना जाएगा ।

**अथवा**

श्री लौरेल, हार्डली लिमिटेड, जो एक लिस्टेड कम्पनी है, का अंशधारक है । वह सामान्य सभा के कार्यवृत्तों का निरीक्षण तथा कुछ प्रस्तावों की प्रतिलिपियों को प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रकाश में निम्नलिखित का उत्तर दीजिए :

(i) क्या वह कार्यवृत्त पुस्तक का निरीक्षण तथा कार्यवृत्त की प्रतिलिपियों को मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं ?

(ii) क्या वह अपने मित्र को अपने स्थान पर प्रमाणित करके, कार्यवृत्त पुस्तक निरीक्षण करने हेतु लिखित अधिकार दे सकते हैं ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

(c) A ने B को अपना घर 3 वर्ष के लिए किराये पर दिया । किसी पक्ष द्वारा 3 महीने की सूचना देकर रेंट एग्रीमेंट को निरस्त किया जा सकता है । C, जो A का पुत्र है, को रहने के लिए अलग घर की जरूरत है, B को बिना किसी अधिकार के एक माह में मकान खाली करने की सूचना देता है तथा अपने पिता A को अपनी कार्यवाही को सुनिश्चित करने हेतु निवेदन करता है । भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए यह समझाइए कि क्या C की कार्यवाही को सुनिश्चित करने हेतु A की कार्यवाही वैध मानी जाएगी । **4**

(d) अजित को एक अपील उच्च न्यायालय कोलकत्ता में 30 मार्च, 2020 को जमा करना था, जो कि इस तरह की अपील की अंतिम तिथि थी । संयोग से, कोविड-19 के कारण सम्पूर्ण भारत में लाकडाउन की वजह से उस दिन उच्च न्यायालय बंद था । सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के प्रावधानों के तहत अजित को उपलब्ध उपाय समझाइए । **3**

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

# JKB2 (H)

रोल नं. ............................ कुल पृष्ठ – 20

कुल प्रश्नों की संख्या – 5 अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखना हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर केवल वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा । OMR उत्तर-पत्र पर कोई बार कोड स्टीकर नहीं लगाया जाएगा ।
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I (b) OMR उत्तर-पत्र और (c) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी बाध्यकारी होगा ।

---

## भाग – II **70 marks**

1. भाग-**II** में **5** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है का उत्तर दीजिये तथा शेष प्रश्नों में से किन्हीं **3** का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिए गए उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।



© The Institute of Chartered Accountants of India